गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, भारत
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE : +91 11 26182955
फैक्स/FAX : +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail : info@gail.co.in

एनडी/गेल/सेक्ट/2023 08.06.2023

1. लिस्टिन्ग अनुपालन नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल, प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व) मुंबई-400051 स्क्रिप कोड : गेल - ईक्यू	2. लिस्टिन्ग अनुपालन बीएसई लिमिटेड मंजिल 1, फिरोज़ जीजीभॉय टॉवर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई-400001 स्क्रिप कोड : - 532155

महोदय / महोदया,

कृपया "गेल ने एनसीएलटी आदेश के अनुसार जेबीएफ पेट्रोकेमिकल्स के सभी हितधारकों को भुगतान जारी किया- सीआईआरपी 15 महीनों में पूर्ण किया जाएगा" संबंधी प्रेस विज्ञप्ति की संलग्न प्रतिलिपि प्राप्त करें।

धन्यवाद,
भवदीय,

महेश

GAIL (India) Ltd. 16, Bhikaiji Cama Place, New Delhi - 66

(महेश कुमार अग्रवाल)
कंपनी सचिव

अनुलग्नक : उपर्युक्तानुसार

प्रति:

1. **ड्यूश बैंक ए जी, फिलिआले मुंबई** **ध्यानाकर्षण : सुश्री अपर्णा सालुंके**
टीएसएस एंड ग्लोबल इक्विटी सर्विसेस
द कैपिटल, 14**वीं मंज़िल**
सी-70, **जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स**
मुम्बई-400051

2. **बेकॉन ट्रस्टीशिप लिमिटेड,** **ध्यानाकर्षण : श्री कोस्तुभ कुलकर्णी**
4 **सी एंड डी, सिद्धिविनायक चैंबर्स,**
गांधी नगर, एमआईजी क्रिकेट क्लब के पीछे,
बांद्रा (पूर्व), मुंबई- 400 051

प्रेस विज्ञप्ति

गेल ने एनसीएलटी आदेश के अनुसार जेबीएफ पेट्रोकेमिकल्स के सभी हितधारकों को भुगतान जारी किया- सीआईआरपी 15 महीनों में पूर्ण किया जाएगा

नई दिल्ली, 08 जून, 2023: केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) के लिए इस प्रकार के अपने पहले प्रयास में गेल (इंडिया) लिमिटेड ने भारत के प्रमुख पेट्रोकेमिकल कंपनियों के प्रतियोगी बोली में जेबीएफ पेट्रोकेमिकल्स की कॉरपोरेट दिवालियापन रेज्यूलुशन प्रक्रिया (सीआईआरपी) में सफल रहा। गेल को एक सफल रेज्यूलुशन आवेदक के रूप में घोषित किया गया और माननीय एनसीएलटी ने दिनांक 13.03.2023 के आदेश द्वारा जेबीएफ पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड के लिए गेल की रेज्यूलुशन योजना के कार्यान्वयन को मंजूरी दी थी। कोविड वैश्विक महामारी के पश्चात एनसीएलटी के इतिहास में सफल भुगतान और लेन-देन के समापन की प्रक्रिया एक तीव्रतम प्रक्रिया है।

जेबीएफपीएल का अधिग्रहण गेल के मौजूदा पेट्रोकेमिकल पोर्टफोलियो में प्यूरिफाइड टेरेफथलिक एसिड (पीटीए) नामक एक नया उत्पाद शामिल करने के लिए गेल को एक अवसर प्रदान करता है। गेल जेबीएफपीएल के व्यापार प्रचालन के पुनरुद्धार की दिशा में अग्रसर है और इसे एक संपन्न मैनुफैक्चरिंग कंपनी के रूप में परिवर्तित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस उभरते परिदृश्य में गेल के प्रवेश से वस्त्र तथा पीईटी चिप्स के घरेलू निर्माण क्षेत्रों में बेहतर प्रगति होगी जिससे पीटीए के प्रमुख उपभोक्ताओं की आयात निर्भरता में उल्लेखनीय कमी आयेगी।

गेल ने 2,101 करोड़ रुपए की कुल रेज्यूलुशन योजना राशि का निवेश किया है। इस प्रकार गेल जेबीएफपीएल को गेल की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी (डब्ल्यूएस) बनाने के लिए जेबीएफपीएल में 100% हिस्सेदारी हासिल किया है। अधिग्रहण की लागत इस प्रकार की ग्रीनफील्ड परियोजना की तुलना में काफी कम है। इसके अलावा, जेबीएफपीएल के कर्मचारियों और कामगारों सहित सभी पूर्ववर्ती लेनदारों को माननीय एनसीएलटी के आदेश के अनुसार उनके दावों का भुगतान कर दिया गया है।

जेबीएफपीएल के बारे में

पॉलिएस्टर निर्माता जेबीएफ इंडस्ट्रीज की सहायक कंपनी जेबीएफ पेट्रोकेमिकल्स की स्थापना सितंबर 2008 में मैंगलोर, कर्नाटक में नियोजित 1.25 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष प्युरिफाइड टेरेफथालिक एसिड (पीटीए) संयंत्र को प्रचालित करने के लिए की गई थी। यह प्लांट, जेबीएफ इंडस्ट्रीज के पॉलिएस्टर प्लांट का एक बैकवर्ड इंटीग्रेशन प्रोजेक्ट, 2017 में चालू होने वाला था, लेकिन उसी वर्ष जेबीएफपीएल द्वारा ऋण चुकाने में चूक के बाद प्रचालन बंद हो गया। दिनांक 1 फरवरी, 2022 को आईडीबीआई बैंक के नेतृत्व में जेबीएफ पेट्रोकेमिकल्स के ऋणदाताओं ने जेबीएफपीएल के लिए दिवालियापन की कार्यवाही शुरू की।